प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या: 218/**2025** (अपील सूचना का अधिकार)

Sharad Pandya Add: Near Ghantaghar, Tripolia road, Andar ki Khabar Newspaper, Banswara, Raj.

..............**अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर(प्रशा.), उदयपुर

..................**प्रत्यर्थी**

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांक: 25/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 239537908519941 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 07.10.2025 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर नगर विकास प्रन्यास उदयपुर द्वारा राजस्व ग्राम कलडवास, तहसील गिर्वा बिलानाम भूमि नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के नाम हस्तांतरण के संबंध में दिनांक 27.03.2023 को जिला कलक्टर, उदयपुर को प्रेषित पत्र पर की गई कार्यवाही के संबंध में सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने से क्षुब्ध होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन पत्रांक 1688617546 दिनांक 05.12.2025 एवं कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/218/25/1257–58 दिनांक 05.12.2025 एवं पत्रांक 257–58 दिनांक 09.02.2026 से लिखा गया। परन्तु प्रत्यर्थी द्वारा कोई प्रत्युत्तर अथवा सूचना आदिनांक तक इस कार्यालय में प्रस्तुत नहीं की गई हैं।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना प्रत्यर्थी द्वारा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। अतः अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर(प्रशा.), उदयपुर को आदेशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही जा रही सूचना जो नियमानुसार देय हो एवं कार्यालय में उपलब्ध हो निशुल्क 15 दिवस में उपलब्ध करावें तथा की गई कार्यवाही से से इस कार्यालय को अवगत करावे। साथ ही भविष्य में नियत समयावधि में वांछित सूचनाएं नियमानुसार उपलब्ध करावे एवं अपील में भी नियत समयावधि में प्रत्युत्तर प्रस्तुत करे।

निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर

RajKaj Ref No.:
22423675
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.2[illegible] 14:30:19 IST
Reason: Approved